



# तीन टैंकरों के पानी से धोई सड़क, तोप से की गई पुष्पवर्षा

## जिलेभर में धूमधाम से मनाई गई गुरुनानक जयंती, निकले नगर कीर्तन, दिया गया स्वच्छता का संदेश





**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिलेभर गुरूनानक जयंती धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाई। इस दौरान जहां गुरूद्वारे में अखंड पाठ किया गया, तो वहीं दोपहर को नगर कीर्तन निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग मौजूद रहे। तो वहीं जहां जहां से नगर कीर्तन निकला, वहा-वहां पर विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा सिख श्रद्धालुओं को पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। बुधवार को निकाले गए नगर कीर्तन में जहां सबसे ट्रेक्टरों के साथ पानी के टैंकर चल रहे थे, जिनमें लगे पंपो द्वारा सड़क को धोआ जा रहा था, तो वहीं सिख समाज के लोगों सड़क को झाडू साफ किया जा रहा था। इसके बाद पंच प्यारे हाथों में तलवार लिये चल रहे थे। इसके बाद फूल से सजी गुरू ग्रंथ साहब गाड़ी चल रहीं थी और उसके बाद सिख समाज की महिलाएं मंगलगीत गाते हुए चल रहीं थी।

**तोप से हुई पुष्पवर्षा, स्वच्छता का दिया संदेश:**

गुरूनानक जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में सिख समुदाय द्वारा लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान एक तरफ जहां तोप से गुरू ग्रंथ साहब पर फूलों की वर्षा की गई। तो वहीं शोभायात्रा में शामिल महिलाओं और पुरूषों की विशेष टोलियों पर झाडू लगाकर रास्ते की सफाई गई।

## नगर में भक्तिभाव से मनाया गया प्रकाश पर्व



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी कर जयंती के अवसर पर बुधवार को शहर भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया। हरि मंदिर गुरुद्वारे से इस पावन पर्व का आगाज़ हुआ, जहां से भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। सुबह से ही शहर के मुख्य मार्गों पर जलधारा प्रवाहित कर सिख संगत ने सड़कों की सफाई की। इसके बाद पंच प्यारे तलवारें थामे, गुरबाणी का कीर्तन करते हुए नगर कीर्तन में आगे-आगे चल रहे थे। रास्ते में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर पंच प्यारों और संगत का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह भव्य चल समारोह बस स्टैंड गुरुद्वारे से शुरू होकर पोस्ट ऑफिस चौराहा, रामलीला मंच, गायत्री मंदिर चौराहा, गणेश शंकर विद्यार्थी चौराहा और पुराने थाने के सामने से होती हुई पुनः हरि मंदिर गुरुद्वारे पर सम्पन्न हुई। गुरुद्वारे को विशेष रूप से गुलाब के फूलों, रंग-बिरंगी लाइटिंग और गुब्बारों से सजाया गया। इससे पहले अखंड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर कीर्तन के दौरान सतनाम वाहेगुरु, सत श्री अकाल् के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बड़ी श्रद्धा के साथ इस पावन पर्व में भाग लिया। जगह-जगह आतिशबाजी की गई और श्रद्धालुओं को गुरु को लंगर परोसा गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# डकैती के मामले में हर पहलू की जांच में जुटी पुलिस, बनाई टीम

**खैजरा अटारी में दंपती को बंधक बनाकर की थी लूट**

**जेवरात सहित लाखों की नगदी ले गए थे बदमाश**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा थाने के तहत आने वाले ग्राम अटारी खैजरा में विगत रात्रि बदमाशों ने दंपती से मारपीट कर बंधक बनाने और उनके साथ की गई डकैती ने पुलिस के सामने एक नई चुनौती खड़ी दी है। जिसके चलते पुलिस द्वारा इसकी छानबीन हर पहलु की जा रहीं है। फिलहाल घटना के 24 घंटे बीतन के बाद भी पुलिस को अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। फिर भी पुलिस को विश्वास है कि शीघ्र वह अपराधियों तक पहुंचकर मामले का पर्दाफाश करेगी।

दरअसल सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात में अज्ञात बदमाशों ने ग्राम खैजरा अटारी के पूर्व सरंपच के यहा धाबा बोलते हुए उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई, तो वहीं उनके घर में रखे सोने, चांदी के जेबरात सहित ढाई लाख सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर लिया गया। इस घटना के दूसरे दिन भी पुलिस मामले की छानबीन में जुटी रहीं और हर पहलू की बारांकी से जांच कर रहीं है। तो वहीं शाढ़ौरा क्षेत्र में इस तरह की पहली घटना है, जब अपराधियों ने भवन मलिक के साथ बेरहमी से मारपीट कर डकैती/चोरी करने में सफलता पाई है। 8 वर्ष पूर्व अटारी खैजरा गांव के नजदीक कुंदौरा में भी एक बड़ी चोरी हुई थी, जो आज भी रहस्य बनी हुई है। कुंदौरा चोरी कांड में पुलिस को सफलता मिलने के पूरी वं उम्मीद थी। नजदीकी गांवों से पुलिस ने धरपकड़ भी की थी, मगर खुलासा नहीं हो सका था। मगर इस अपराध में अंतर है। यह डकैती केरूप में जानी जायेगी। धटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा व निर्देश दिये हैं। उनका पालन किया जा रहा है। पुलिस हर बिंदु पर ने अपनी जांच जारी रखे है। पारदी,कंजर एंव लोकल अपराधियों के ने शामिल होने की संभावना पर जांच जारी है।

**जांच के लिए बनाई टीमे:**

खैजरा अटारी में हुई लूट के मामले में पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा द्वारा अलग-अलग टीमे बनाई गई, जो अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा के नेतृत्व में कार्य कर रहीं। लूट के बदमाशों तक पहुंचने के लिए सिटी कोतवाली, देहात, बहादुरपुर, कचनार व पुलिस लाइन के अधिकारियों को जांच टीम में शामिल किया गया है। जो गहनता से डकैती की जांच में जुटे हुए है।

**इनका कहना है।**

*खैजरा अटारी की लूट के मामले की जांच के लिए पुलिस द्वारा अलग अलग टीमें बनाई गई, जो हर पहलू और एंगल से जांच कर रहे है। जल्द ही पुलिस लूट के आरोपियों तक पहुंचेगी और उन्हें गिरफ्तार किया जावेगा।*

**सुनील सिकरवार,**
**थाना प्रभारी शाढ़ौरा।**

## एक नजर में



### कॉलेज में दिया गया प्रशिक्षण

**नवभारत चंदेरी।** शासकीय माधव महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विगत दिवस राजनीति विज्ञान एवं अंग्रेजी साहित्य विषय के विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के तहत प्रशिक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश 14 (1) अनुसार स्नातक कक्षाओं हेतु नवीन पाठ्यक्रम संरचना, आईडी का के माध्यम से समस्त विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया। तो वहीं प्रशिक्षण में विद्यार्थीयों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में यह प्रशिक्षण 2 नबंवर से प्रारंभ हुआ है, जो 8 नबंवर तक चलेगा। इस अवसर पर डा संजीव राजपूत, डा सबल सिंह ओहरिया, अजीत चौरसिया, छाया चौधरी, संचिता राठौर सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### शिव पार्वती संवाद के साथ 15 दिवसीय रामलीला महोत्सव प्रारंभ

**नवभारत अशोकनगर।** अंबेडकर भवन के पास स्थित रामलीला मंच पर श्री राम सिद्ध कला परिषद द्वारा 15 दिवसीय रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुरूआत मंगलवार को शिव पार्वती संवाद के साथ किया गया। इस दौरान लीला का शुभांरभ अवसर पर मुख्य अतिथि विनोद सोनी एवं बिशेष अतिथि नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा द्वारा फीता काटकर एवं रामायण जी की आरती के साथ किया गया। परिषद के सचिव पीयूष पाराशर ने बताया कि रामलीला में विगत रात्रि शिव पार्वती संवाद का मंचन किया, जिसमें शिव का अभिनय विवेक शर्मा एवं पार्वती का अभिनय उनकी पत्नी रानी शर्मा द्वारा किया गया। मंचन में पार्वती जी द्वारा भगवान श्रीराम की कथा सुनने की इक्छा शिवजी के सामने प्रकट की तब शिवजी ने अती प्रसन्न होकर भगवान की कथा उन्हें सुनाना आरंभ की। इसके पश्चात लीला में नारद मोह की लीला दिखाई गई।

# पेट्रोल पंप पर पीने के पानी में मिला डेंगू का लार्वा

## शिकायत के बाद निरीक्षण करने पहुंची तीन विभागों की टीमें, स्वच्छता के नाम पर मिली गंदगी



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर का सबसे पुराना पैट्रोल पम्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को पलीता लगाते हुए मिला। दरअसल डेंसिटी की शिकायत मिलने के बाद पैट्रोल पंप पर पहुंची टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया, तो वहां पर जहां मूलभूत सुविधाएं नहीं मिली। तो वहीं पीने के पानी में लार्वा उतारते हुए मिला, जिसका सैंपल विभागों की टीम द्वारा लिया गया।

दरअसल विदिशा रोड स्थित राजाराम पन्नालाल अग्रवाल पेट्रोल पंप पर पेट्रोल में मिलावट होने की शिकायत हुई थी। जिसमें बताया गया था कि पंप पर लगीं दोनों मशीनों में पिछले तीन दिनों से डेंसिटी यानि पेट्रोल का घनत्व 818 दिखा रहा था, जो कि निर्धारित संख्या से कहीं अधिक है। उपभोक्तओं ने इसकी शिकायत की तो मुनीम अंकित यादव ने डेंसिटी की जगह पर सफेद कागज चिपका दिया और उपभोक्ताओं पर दबाव बनाया कि वह मशीन पर डेंसिटी नहीं देख सकें। इसकी जांच करने के प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा, नापतौल विभाग से श्याम सुंदर मिश्रा, मलेरिया विभाग से यशवंत सिंह रघुवंशी पहुंचे और कार्रवाई कर पंप मालिक को निर्देश दिए।

**पीने के पानी में मिला लार्वा, कीड़े मारने की दवा का छिड़काव:**

शिकायत मिलने के बाद मलेरिया विभाग की टीम ने राजाराम पन्नालाल अग्रवाल पेट्रोल पंप पर जांच के लिए पहुंची, तो वहा पर उपभोक्ताओं को जो पीने का पानी दिया जा रहा था, उसमें मलेरिया विभाग की टीम को लार्वा मिला और वाशबेसिन के नीचे कीड़े पाए गए जिन पर दवा का छिड़काव किया। मलेरिया विभाग से यशवंत रघुवंशीने बताया कि पीने के पानी की टंकी में लार्वा पाया गया, जिसे नष्ट कराया गया तथा पानी की टंकी खाली कर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।

**अधिकारियों ने दिये सुधार के निर्देश:**

बढ़ी हुई डेंसिटी व पेट्रोल में मिलावट के संदेह पर बुधवार को प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा ने जांच की। उन्होंने पेट्रोल की डेंसिटी की जांच की, जिसमें डेंसिटी 752 पाई जो निर्धारित संख्या की रेंज में है। वहीं महिला शौचालय, पेयजल संबंधी तथा पंप मुनिम व कर्मचारियों का उपभोक्ताओं के साथ बर्ताव संबंधी पंचनामा बनाकर उपस्थितों से हस्ताक्षर लिए। उन्होंने पंप मालिक अमन बंसल व पंप के मुनिम अंकित यादव को निर्देश दिए कि वह पेयजल व्यवस्थित करें और उपभोक्ताओं को शिकायत का मौका न दें। नापतौल विभाग से श्री मिश्रा ने बताया कि पंप पर 5 किलो के जार से माप किया जाता है, जो जांच में सही पाया गया।

**पैट्रोल पंप पर नहीं है सुविधाएं:**

नगर के बीचों-बीच स्थित राजाराम पन्नालाल पेट्रोल पंप शहर का सबसे पुराना पेट्रोल पंप है, लेकिन इस पैट्रोल पंप पर उपभोक्तओं के लिए कोई बुनियादी सुविधाएं नहीं है। न तो पैट्रोल पंप पर हवा भरने की व्यवस्था है, न ही छाया के लिए। वहीं जो पीने का पानी बताया गया, वहां पर भी मच्छर के लार्वा मिला। इससे स्पष्ट होता है कि ऐसे पैट्रोल पंपों का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण नहीं किया जाता है, जिसके फलस्वरूप पंप मालिक अपनी मर्जी अनुसार पैट्रोल पंप का संचालन कर रहे है और इसका खामियाजा उपभोक्तओं को भुगतना पड़ रहा है।





### मंदिर पर मनाई गई देव दीपावली

**अशोकनगर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर बुधवार यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में कार्तिक महापर्व एवं देव दीपावली मनाई। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा सत्यनारायण कथा, कन्या पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए। तो वहीं शाम को महिलाओं द्वारा तुलसी सरोवार तालाब में दीपदान करने के साथ ही महाआरती की गई। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

पुजारी श्री मिश्र के अनुसार प देवासुर संग्राम में देवताओं की कार्तिक चतुर्दशी को विजय हुई थी और उन्होंने कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को देवों ने जीत के ऊपर सत्य की विजय का पताका लहराया और उसी दिन से हर कार्तिक की पूर्णिमा को यह देव दीपावली मनाई जाती है।

# दो शिक्षकों को किया निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** एसआईआर के कार्य में पदीय लापरवाही बरतने पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा दो शिक्षकों को निलंबित किया गया है। दरअसल दोनो की शिक्षकों को बीएलओ बनाया गया था, लेकिन दोनो ने पदभार न लेते हुए किसी भी प्रकार की जानकारी नही दी। साथ ही फोन पर चर्चा करने पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अभ्रदता की गई थी।

जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चंदेरी द्वारा विष्णु प्रताप सिंह यादव प्राथमिक शिक्षक माधोपुर एवं बीएलओ मतदान केंद्र क्रमांक 101 भैरोगढ़ विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी के लिए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नियुक्त किया था। तो वहीं दिलीप सिंह रघुवंशी प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय परासरी को मतदान केन्द्र क्रमांक 57 परासरी विधानसभा क्षेत्र चंदेरी के लिए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नियुक्त किया था, किन्तु श्री दिलीप रघुवंशी द्वारा मतदान केन्द्र क्रमांक 57 परासरी के बीएलओ पद पर न तो उपस्थित हुए और न ही बीएलओ का चार्ज लिया गया। जिससे इतने महत्वपूर्ण कार्य में उनकी लारपवाही उजाकर हुई, जिसके बाद निलंबित किया गया।

# अज्ञात व्यक्तियों ने पठार पर फेंके गौवंश, पुलिस ने की FIR

## जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला, एक मिला मृत, चार ही हालत ज्यादा खराब

**नवभारत न्यूज**

**बहादुरपुर।** गौशालाओं की स्थिति को सुधारने के लिए जैसे ही कलेक्टर आदित्य सिंह सख्त हुए। उसका साइड इफेक्ट बुधवार सुबह क्षेत्र में उस समय दिखाई दिया जब खोपरा सोपरा की पठार पर सुबह-सुबह ग्रामीणों को एक साथ पांच गौवंश बेहोशी की स्थिति में दिखाई दिए। जहां गौवंश थे, वहां किसी वाहन के आने के निशान भी थे। मौके पर मक्का की करप भी पड़ी हुई थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। कुछ ही देर में मौके पर जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, उप संचालक पशुपालन मनीष व्यास, एसडीएम इसरार खान, जनपद पंचायत सीईओ आलोक इटोरिया, नायब तहसीलदार कैलाश मालवीय, थाना प्रभारी अरविंद कछुवाह सहित अन्य पहुंच गए।



पशु चिकित्सकों से गौवंश की जांच कराई गई तो एक बछड़ा मृत पाया गया। चार गाय बीमार होकर निशक्त स्थिति में पाई गईं। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से खोपरा स्थित गोपाल गौशाला लाया गया। जहां उनका उपचार हुआ और उन्हें गुड़ चना आदि की व्यवस्था की गई।

**अज्ञात पर प्रकरण दर्ज:**

पशु चिकित्सालय बहादुरपुर के असिस्टेंट सर्जन डॉ जितेंद्र केमडिया की शिकायत पर बहादुरपुर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों पर पशु क्रूरता अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 352 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी श्री कुशवाह का कहना था कि मामले की जांच की जा रही है।

**गौशाला से गौवंश लाने की आशंका:**

ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि उक्त गौवंश किसी गौशाला या बाड़े से लाकर पठार पर फैंके गए हैं। क्योंकि जहां यह गौवंश पाए गए, वह स्थान मुख्य सड़क से दो सौ मीटर की दूरी पर है। मौके पर किसी ट्रैक्टर जैसे वाहन के पहियों के ताजा निशान भी थे। गौवंश जिस स्थिति में था, वैसा न तो सड़कों पर है और न ही किसी निजी घरों में ऐसा होता।

**पहल** | आपका घर हमारी जिम्मेदारी के तहत पुलिस की अभिनव पहल

# शादी में जाने से पहले पुलिस को दें सूचना, जिससे कर सकें निगरानी





**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** देव उठने के बाद नबंवर माह से शादियों का सीजन प्रारंभ हो रहा है, जिसके चलते पुलिस कप्तान द्वारा एक अभिनव पहल की गई। इसके तहत शादी समारोह में जाने वाले और दूल्हा-दुल्हन के घरों की निगरानी पुलिस द्वारा की जाएगी। इसके लिए लोगों को पुलिस को सूचना देनी होगी कि वह शादी में जा रहे है और इतने दिनों के लिए जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व के दौरान नागरिकों की सुरक्षा एवं उनके घरों की देखरेख सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा प्रारंभ की गई अभिनव पहल आपका घर हमारी जिम्मेदारी की नागरिकों से व्यापक सराहना मिली। दीपावली के दौरान इस पहल के अंतर्गत अनेक नागरिकों ने अपने घरों की सुरक्षा हेतु संबंधित थाना में पंजीयन कराया था। पुलिस द्वारा इन नागरिकों के घरों की सुरक्षा की नियमित निगरानी की गई तथा घर की सुरक्षा स्थिति के फोटोग्राफ उनके व्हाट्सएप नंबर पर भेजे गए। इस अनूठी पहल की सफलता के पश्चात नागरिकों द्वारा पुलिस अधीक्षक का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया था।

**सुरक्षा की हमारी जिम्मेदारी:**

पुलिस कप्तान शुरू की गई इस पहल के बारे में एसडीओपी विवेक शर्मा ने बताया कि अब शादियों का सीजन शुरू हो रहा है और विवाह समारोहों के दौरान नागरिक अक्सर अपने घरों से बाहर जाते हैं, जिससे घर खाली रहने पर चोरी अथवा अन्य आपराधिक घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में नागरिकों की अनुपस्थिति में उनके घरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए लोगों को घर से बाहर जा रहे हैं, वह अपने प्रस्थान से पूर्व संबंधित थाना में जाकर अपने घर का पूरा पता, संपर्क नंबर एवं व्हाट्सएप नंबर दर्ज करा सकते हैं। संबंधित थाना प्रभारी द्वारा इन पतों को बीट प्रभारी, गश्त अधिकारी, चीता मोबाइल एवं गश्ती दलों को सूचित किया जाएगा। पुलिस दल अपने नियमित गश्ती कार्यक्रम के दौरान उन घरों के आस-पास विशेष निगरानी रखेंगे और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति देखा जाता होता है, तो तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा नागरिकों को विश्वास दिलाने हेतु पुलिस दल द्वारा समय-समय पर उनके घरों की सुरक्षा स्थिति का फोटो या वीडियो संबंधित नागरिक के व्हाट्सएप नंबर पर भेजा जाएगा, ताकि वह निश्चिंत होकर अपने पारिवारिक मांगलिक समारोहों का आनंद भरपूर ले सके और लौटने पर उन्हें उनका घर सुरक्षित मिले।

# पूर्व पार्षद ने कहा पुरानी रंजिश के चलते मेरी छवि को किया जा रहा धूमिल, एसपी से की शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में अवैध सट्टा व्यापार को लेकर सरगर्मीया तेज है, जहां विगत दिनों पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा का सरगना बताते हुए आजाद खान तक पहुंचने की बात कहीं गई थी, तो वहीं मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक के पास राहुल जैन द्वारा सट्टा के अवैध कारोबार से जुटाई गई संपत्तियों की जांच की मांग की गई थी। इस दौरान एसपी को दिये आवेदन में पूर्व पार्षद वाहिद पटेल और जाकिर खान जक्का के नामों का उल्लेख किया गया था। सट्टा के पैसे से जोड़ी गई सपंत्ति के आरोप लगने के बाद बुधवार को पूर्व पार्षद वाहिद पटेल सामने आए और अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा बताते हुए छवि को धूमिल करने की बात कहीं। तो वहीं पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती आवेदन भी सौंपा। जिसमें उन्होंने बताया कि राहुल जैन द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर भ्रमक जानकारी डालते हुए उन्हें सट्टा कारोबारी बताया है, जबकि उनका व उनके परिवार का इस कारोबार से कोई लेना देना नहीं है। राजनीति से ताल्लुक रखने के चलते उक्त व्यक्ति द्वारा उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। वहीं उनके पास जो संपत्ति है वह कि उनकी पैतृक है और खेती करके परिवार का जीवन यापन करते है।

**पुरानी रंजिश के कारण कर रहा बदनाम, शिकायतकर्ता स्वयं हत्या के आरोप में भोग आया जेल:**

पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन वाहिद पटेल द्वारा बताया गया है कि राहुल जैन उनसे पुरानी रंजिश रखता है, क्योंकि इसके द्वारा एक नाबालिग बच्चे को अगवा कर उसके साथ समलैंगिक संबंध बनाये गए थे और उसका कत्ल कर दिया गया था। जिसके चलते वह तीन साल सलाखों में रहा। वहीं बताया कि जिस लडके का कत्ल हुआ था वह मेरा पारिवारिक दोस्त चिन्टू जैन था और दोस्ती के चलते उस केस में उन्होंने उनकी ममद की थी। जिस के कारण यह पुरानी रंजिश रखता है और फेसबुक गलत जानकारी डालकर बदनाम कर रहा है। वहीं जब उससे पोस्ट हटाने के लिए कहा गया तो उसके द्वारा पैसों की मांग की गई।